बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर, बिहार

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

बुलेटिन संख्या- 86 **दिनांक-** 01 **नवम्बर 2024**

विगत मौसम पूर्वानुमान अवधि का आकलन

मौसमीय वेधशाला के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 32 एवं 23 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 85 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 67 प्रतिशत, हवा की औसत गति 3.6 कि0मी0 प्रति घंटा एवं सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 5.4 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से0मी0 की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 22 एवं दोपहर में 35 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में वर्षा नहीं हुई ।

मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

(02-06 नवम्बर 2024)

- **ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 02-06 नवम्बर तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसारः-**
- **भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार 02-06 नवम्बर 2024 अक्टूबर के मध्य जिले में आसमान में हल्के बादल एवं एक- दो स्थानों पर बूंदा-बांदी होने का अनुमान है।**
- **अधिकतम तापमान 30-33 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 22-24 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की संभावना है।**
- **सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 80-90 प्रतिशत तथा दोपहर में 40-45 प्रतिशत रहने की संभावना है।**
- **पूर्वानुमान की अवधि में कल पछिया एवं उसके बाद पूरबा हवा 4-6 किमी/घंटा की रप्तार से पछिया हवा चल सकती है।**

फसल	**समसामयिक सुझाव**
सामान्य सलाह	बूंदा-बांदी की संभावना को देखते हुए अगात धान एवं मक्का की तैयार फसलों की कटाई एवं झराई करते समय सावधानी बरतें । कटाई के बाद धान की फसल को 2-3 दिनों तक खेत में सूखने के लिए रहने दे एवं उसके बाद धान की झड़ाई करें। खड़ी फसलों में कीट-व्याधि का निरीक्षण करते रहें। गेहूँ एवं चना की बुआई के लिए खेत की तैयारी करें। गोबर की सड़ी खाद 150-200 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की दर से पूरे खेत में अच्छी प्रकार बिखेरकर एवं जुताई कर मिला दें।
रबी मक्का	रबी मक्का की बुआई के लिए खेत की तैयारी करें। इसकी बुआई 1 नवम्बर से शुरु कर सकते हैं। इसके लिए संकर किस्में शक्तिमान 1 सफेद, शक्तिमान 2 सफेद, शक्तिमान-3 पीला, शक्तिमान 4 पीला, शक्तिमान-5 पीला, गंगा 11 नारंगी पीला, राजेन्द्र संकर मक्का 1, राजेन्द्र संकर मक्का 2 एवं राजेन्द्र संकर मक्का दीप ज्वाला तथा संकुल किस्में-देवकी सफेद, लक्ष्मी सफेद एवं सुआन पीला इस क्षेत्र के लिए अनुसंशित है। खेत की जुताई में 100-150 क्विंटल कम्पोस्ट, 60 किलोग्राम नेत्रजन, 75 किलोग्राम फास्फोरस एवं 50 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टर की दर से व्यवहार करें। बीज दर 20 किलोगा्रम प्रति हेक्टेयर तथा दूरी 60X20 से0मी0 रखें।
आलू	आलू की रोपाई के लिए तापमान अनुकूल हो गया है। आलू के लिए खेत की तैयारी एवं रोपाई करें। कुफरी चन्द्रमुखी, कुफरी अशोका, कुफरी बादशाह, कुफरी ज्योति, कुफरी सिंदुरी, कुफरी अरुण, राजेन्द्र आलू- 1, राजेन्द्र आलू- 2 तथा राजेन्द्र आलू-3 इस क्षेत्र के लिए अनुसंशित किस्में है। बीज दर 20-25 क्विंटल प्रति हेक्टेयर रखे। पंक्ति से पक्ति की दूरी 50-60 से0मी0 एवं बीज से बीज की दूरी 15-20 से0मी0 रखें। आलू को काट कर लगाने पर तीन स्वस्थ आँख वाले टुकडे को उपचारित कर 24 घंटे के अन्दर लगावे। बीज को एगलॉल या एमीसान के 0.5 प्रतिशत घोल या डाइथेन एम0 45 के 0.2 प्रतिशत घोल में 10 मिनट तक उपचारित कर छाया में सुखाकर रोपनी करे। समूचा आलू (20-40 ग्राम) लगाना श्रेष्ठकर है। खेत की जुताई में कम्पोस्ट 200-250 क्विटल, 75 किलोग्राम नेत्रजन, 90 किलोंगा्रम फास्फोरस एवं 100 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टर की दर से प्रयोग करें।
पशुपालन	भैंस व गाय को समय से गर्मी में लाने के लिए खनिज मिश्रण अवश्य खिलायें। पशुओं को खनिज मिश्रण 50 ग्राम से 60 ग्राम एवं 30 ग्राम नमक प्रतिदिन दे जिससे पशु की दुग्ध और शारीरिक क्षमता बनी रहें। गाय को 400 ग्राम दाना / किलो दूध उत्पादन एवं भैस का 500 ग्राम दाना / किलो दूध उत्पादन की दर से दें। हरा चारा 20-25 किलो/पशु/दिन जरुर खिलाये।

आज का अधिकतम तापमानः 33.5 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस अधिक	**आज का न्यूनतम तापमानः 22.5 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस अधिक**

(डा. नेहा पारीक)
वैज्ञानिक (ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

(डा. बीरेंद्र कुमार)
नोडल पदाधिकारी (ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)